I appeal to you that you must provide proper economic security to women. At least in the case of many of our women, what happens ? Because of economic reasons, the poor lady has to suffer. Neither her husband nor her father is prepared to help her. And she at last has to commit suicide. Why can't you think of giving some sort of a pension to such an unfortunate women? In my view, the Government should take this responsibility. Let it be a burden on the society. After all, the money with the Government is of the whole society. I do not mind if there is a burden on the whole society for this cause. Let it be there You should make a legal provision for providing some economic help or some sort of pension to a women who has no income of her own, the lives apart from her husband because of harassment and other things, and the father is not prepared to accept her. Let her live on that pension. Let the society bear that burden. What is wrong in that ? This suggestion may not sound well at the first outset, but today what else is the wayout, My sister said that we could not change the society.

SHRIMATI SUSEELA GOPALAN : I have not said that.

SHRI N.K. SHEJWALKAR : Very well I am also for that. But if not, let the Government on behalf of the society take the burden of such unfortunate ladies.

Again, I insist that for God's sake, you don't emphasise much on the weakness of the ladies unnecessarily, bacause it will further create a complex, otherwise our ultimate aim to give equal rights and equal opportunities to women will be too far away. Let us create confidence in the ladies, that they are equal to men in all respects, and can do everything. We should not continue to call them as poor ladies. If somebody is not keeping his wife, or kicking her out, we should not fell shy of bringing pressure on her for divorce. We should not allow that woman to continue to sufter. Affer all that man has also to get married to anorher woman.

With these words, I conclude my speech.

**श्रीमती गुरबिन्दर कौर ब्रार** (फरीदकोट) : चेयरमैन साहब, यह जो क्रिमिनल ला (एमेंडमेंट) बिल आया है, उसके ऊपर हम बहस कर रहे हैं। मैं इस का समर्थन करते हुए एक अपील अपने आनरेबिल मिनिस्टर से करूंगी। जैसाकि सुशीला गोपालन बहन ने भी कहा है कि एक काम्प्रीहैंसिव बिल लाना चाहिये था और मैं भी चाहती हूं कि इसके लिए एक काम्प्रीहैंसिव बिल लाना चाहिए। हमारे जो अपोजीशन के भाई हैं और इधर के लोगों ने भी इसके बारे में कहा है। एक ज्वाइन्ट कमेटी डाउरी की बनी थी और उसने अपनी बहुत सारी रिकमंडेशन्स दी थी और ला मिनिस्ट्री के पास उसको भेजना पड़ा, जिसकी वजह से वह बिल अभी तक इस सदन में नहीं आया है।

आज जो इस एक्ट के बारे में बात करनी है, उसमें मैंने देखा है कि इस में कुछ बंदिशें लगाई गई हैं। सेक्शन 174 आफ दि क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1973 जो है, उसको एमेंट करने की बात है। यह बिल आपके पास है और इसको आपने पढ़ा होगा और यह सही कदम है। फिर एवीडेंस एक्ट का जो सेक्शन 176 है, उसको एमेंड करने की बात है लेकिन मैं मिनिस्टर साहब से कहूंगी कि कुछ ऐसी बातें हैं, जिनको वे बहस का जवाब देते वक्त एक्सप्लेन कर दें। जैसा कि शेजवलकर साहब ने कहा है कि यहां पर क्रूयेलटी को एक्सप्लेन किया गया है और दूसरे यह कि 7 साल की बात कही गई है। हमारी समझ में भी यह बात नहीं आई कि 7 साल की बात आप क्यों लाए। 7 साल का पीरियड रख कर आपने बन्दिश में डाल दिया। इससे अगर ज्यादा हो सके, तो बेहतर रहेगा। किस ख्याल से आपने 7 साल किया है, इसको अपनी स्पीच में आप बताइए। दूसरे मेरा कहना यह है कि पीसमील लेजिसलेशन की बजाए एक काम्प्रीहैंसिव बिल इसी दौरान आना चाहिए। यह जो डाबरी है, यह बहुत ही भारी सोशल प्राब्लम है।

अब मैं एक दो बातें आपको अपने तजुर्बे से कहूंगी। जब पेरेन्ट्स लड़कों को एजूकेट करते हैं तो वे उसके इनलाज से यह कहते हैं कि हमने लड़के को इतना पढ़ाया है जिसके लिए हमें कार दो, स्कूटर दो। यह मेरे सामने आई हुई बातें हैं जिनको कि मैं कह रही हूं। वे चाहते हैं कि उन्होंने जो अपने लड़के पर इतना खर्च किया है वह उसके इनलाज के यहां से आये। लड़के की कमाई तो पेरेन्ट्स अपने पास रखते हैं लेकिन उस पर जो उन्होंने खर्च किया है वह उसके इनलाज से मांगते हैं। जिनका लड़का आई० ए० एस० हो जाता है, वे और भी ज्यादा डाबरी मांगते हैं। फर्क फर्क केटेगरी, फर्क-फर्क डाबरी/आपको सुनकर हैरानी होगी कि एक बहुत ही अमीर आदमी हैं जिनके तीन लड़कियां हैं। उन्होंने तीनों लड़कियों के नाम एक-एक कोठी कर दी। जब उन्होंने बीच वाली लड़की की शादी की तो उस लड़की के इनलाज यह चाहते थे कि वह कोठी उनके नाम हो जाए। उन्होंने इस पर लड़की को तंग करना शुरू किया। यह मामला मेरे पास आया। ऐसे अमीर आदमी भी इस तरह की बात करते हैं।

इसमें अमीर, गरीब का सवाल नहीं है। यह लाईफ का एक स्टीच्यूड बन गया है। यह चीज देखने वाली है। मेरी आपसे यह अपील भी है कि डाबरी को डिफाइन करना चाहिए।

एक बात मैं और कहना चाहूंगी। सबसे पहले तो उन वोलेन्टी एजेन्सीज को जो कि कोरालिंग करती हैं, यह कोशिश करनी चाहिए कि जहां तक हो सके, वे मामले को सुलझायें। उनकी तरफ से यह कोशिश होनी चाहिए कि दोनों की आपस में बने।

लेकिन कई ऐसे केसिज भी होते हैं जहां बनने की कोई उम्मीद नहीं होती। पहले तो यह सिस्टम था कि जहां लड़की की शादी हो गई, उस घर से लड़की की अर्थी ही निकलेगी। पहले तो औसत अबला होती थी लेकिन अब तो औरत अपने पांव पर खड़ी हो सकती है। पहले वह अपने पांव पर खड़ी नहीं हो सकती थी। अब हम को चाहिए कि हम औरतों में कॉफिडेंस क्रियेट करें ताकि वे अपने आप को अबला न समझें। यह सरकार का ही नहीं, हम लोगों का भी फर्ज है कि इस चीज को रियलाईज करें।

मैंने बहुत से केसिज में देखा है बिचारी लड़की के ग्रिवांसिज होते हैं। वह अपने पेरेन्ट्स को बताने की कोशिश करती है लेकिन उनकी बड़ी उम्र होने से वह अपने बहिन-भाई को बताती है। मेरा कहना यहां यही है कि जितनी देर आप उसकी बात नहीं सुनेंगे, उसका हाल-चाल नहीं जानेंगे तो वह बात बढ़ती जाएगी। कई दफा मैंने देखा है कि किसी लड़के के दिमाग में फर्क होता है और वह ठीक नहीं होता है तो लोग उसके मां-बाप को कहते हैं कि लड़के की शादी कर दो तो लड़का ठीक हो जाएगा। मां-बाप उसकी शादी कर देते हैं, फिर भी लड़का ठीक नहीं होता है। इससे भी लड़की मुसीबतजदा हो जाती है। और पेरेन्ट्स से उस लड़की को मदद नहीं मिलती है। ऐसी हालत में भी वॉलेन्ट्री एजेन्सीज को मदद करानी चाहिए।

डावरी के केसिज में जो डथ होती हैं, उसमें भी इन एजेन्सी को आगे आ कर मदद करानी चाहिए। मेरी सरकार से भी यह अपील है कि वह इसमें वोलेन्ट्री एजेन्सीज को इन्वाल्व करे। आप इसमें ब्रदर, सिस्टर जैसे रिलेटिव्ज को ले आये हैं। मैं आपको बताती हूं कि रिलेटिव्ज भी काम में नहीं आते हैं। जो वोलेन्ट्री एजेन्सीज इस काम में लगी हुई हैं उनको भी इस काम में इन्वाल्व करना बेहद जरूरी है।

हमको चाहिए कि डावरी के खिलाफ हम पब्लिक ओपिनियन भी क्रियेट करें। डावरी की इविल्स के बारे में महिलाओं की मीटिंग्स करें। स्कूल और कालिजों में भी डावरी इविल्स के बारे में हमें कुछ-जरूर बताना चाहिए। डिस्ट्रिक्ट लेवल्स पर मीटिंग्स करके लोगों को इसके खिलाफ इन्करेज करना चाहिए। गवर्नमेंट, सोशल वर्कस चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, सब को मिल कर लोगों में अवेअरनेस लानी चाहिए। इस तरह के अपराधों को सामने लाना चाहिए। टी. वी. रेडियो पर इनका प्रचार किया जाना चाहिए। वैसा तो इस बारे में काम किया जा रहा है। अभी जैसा कहा गया कि दिल्ली में इस तरह के केस ज्यादा हो रहे हैं। दिल्ली देश की राजधानी है इसलिए लोग ज्यादा एक्टिव हैं और केसेस नोटिस में ज्यादा आते हैं। वैसे होते हर जगह हैं। लोगों के सामने नहीं आ पाते।

PROF N. G. RANGA : It happens more in urban areas, than in rural ones.

**श्रीमती गुरविंदर कौर ब्रार** : हर जगह होते हैं।

इस तरह से हमारे भाई जो यहां बैठे हैं या लेजिसलेटर हैं इनके पास प्लेटफार्म है, उनको इस बारे में ज्यादा आगे आना चाहिए।

एक बात और है कि जिन पेरेंट्स के पास लड़का नहीं है, लड़की है तो उसके लिए राइट आफ प्राप्टी का फायदा होना चाहिए। वालेंटरी आर्गनाइजेशंस को इस बारे में परिवारों को शिक्षित भी किया जाना चाहिए। सेंट्रल सोशल वेलफेयर बोर्ड में वालेंटरी आर्गनाइजेशन सेक्शन बना हुआ है। वहां पर हम, प्रमिला दण्डवते जी और

अन्य महिलाएं बिना पार्टी का विचार किए हुए इस बारे में विचार करती हैं कि क्या करना चाहिए। अभी जो जानकारी मिली है कि 110 केसेस ऐसे आए हैं और उनमें से सिर्फ 40 केसेस थे। इसलिए यह जरूरी नहीं है कि डाउरी को वजह से ही ये चीज होती हो। लेकिन इस चीज का निर्णय करना जरूरी है कि मौत का कारण क्या है। इसी तरह से आपने ब्रदर, सिस्टर और रिलेटिव्स की बात कही है लेकिन मैं फिर इस बात को रिपीट कर रही हूं कि इसमें वालेंटरी आर्गनाइजेशंस भी उसमें हों, इसको जरूर आप इसमें लाएं।

PROF. N. G. RANGA : Government Should provide legal assistance.

**श्रीमती गुरविंदरकौर ब्रार :** वह तो मैं जरूर कहूंगी। बहुत सी औरतें गरीब होती हैं। उनके पास वकीलों को देने के लिए पैसा नहीं होता। कई वकील तो इतना चार्ज करते हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर होता है। इसके लिए लीगल असिस्टेंस गवर्नमेंट दे, इसके बारे में विचार करने की आवश्यकता है। इससे औरतों को बहुत मदद मिलेगी।

PROF. N. G. RANGA : Preferably women lawyers.

**श्रीमती गुरविंदर कौर ब्रार :** हमारे माननीय सदस्य को आदमियों की प्रेक्टिस पर संतोष नहीं है। औरतों को इस काम के लिए नियुक्त किया जाना चाहिए। वे औरतों की भावना को ज्यादा अच्छी तरह से समझ सकती हैं।

अन्त में मैं मंत्री महोदय से निवेदन करती हूं कि इस बारे में एक कंप्रहेंसिव बिल लाने की आवश्यकता है। और खाली गवर्नमेंट इस बारे में कुछ नहीं कर सकती बल्कि वालेंटरी आर्गनाइजेशंस को इस बारे में आगे आना चाहिए। जो पढ़ी लिखी महिलाएं हैं और समय दे सकती हैं उनको इस अपराध को दूर करने में बहनों की मदद करनी चाहिए। किसी की मृत्यू हो उसके पहले ही अगर वक्त पर इलाज हो जाए तो वह बहुत अच्छा होता है। मैं इस बिल का समर्थन करते हुए सात साल के बारे में अवश्य मंत्री जी से जानना चाहूंगी।

**श्री रामकिंकर (बाराबंकी) :** अधिष्ठाता महोदय, मैं बहुत आभारी हूं कि इस बिल पर आपने मुझे अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया। मैं क्रिमनल ला अमेंडमेंट बिल का हृदय से समर्थन करता हूं। यह बहुत छोटा सा बिल है जिसको कंप्रहेंसिव होना चाहिए। यह एक छोटा सा बिल पास करके महिलाओं के आंसू पोंछने का काम हम कर रहे हैं। इसका यही इलाज नहीं है बल्कि दूर तक सोचकर एक विस्तारपूर्वक बिल पेश करना चाहिए। जहां पर शिक्षा का प्रचार ज्यादा है, वहां पर डावरी के कारण मौतें बहुत हो रही है। मैं कुछ आंकड़े भारत की राजधानी दिल्ली के सम्बन्ध में पेश करना चाहूंगा। इससे आपकी आखें खुल जायेंगी। 1980-81 में 421, 1981-82 में 568 और 1982-82 में 619 तथा 1983 में अप्रैल 1-9-83 तक 371 मौतें दहेज के कारण हुई। इस प्रकार से सवा तीन साल में 1979 मौतें हुई। यह रोग शहरों में ही नहीं बल्कि देहातों की तरफ भी बढ़ा रहा है। वहां भी इस तरह की हरकतें हो रही हैं। जो बाप अपने लड़के को विज्ञापन, तकनीकी, मेडिकल या इंजीनियरिंग की शिक्षा देता है, वह सोचता है कि लड़के की पढ़ाई पर जितना खर्च हुआ है वह पूरा मिलना चाहिए। इस तरफ से अपने लड़के को प्राथमिकता देते है। मैं तो साफ तौर से यह कहना चाहूंगा कि लड़कियां भी पढ़ी-लिखी हैं फिर भी लड़के का बाप पैसे

ऐठने के चक्कर में रहता है। यही कारण है कि इस तरह की मौतें आज बहुत बड़े पैमाने पर हो रही हैं। इसका इलाज कानून बना देने से नहीं है। जब तक समाज में जो कुरीतियां हैं उनको दूर न किया जाए और ऐच्छिक संस्थाएं न बनाई जाएं तब तक इसका निदान होना मुश्किल है।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि हर प्रदेश और यूनियन टेरीटरी को लिखें कि वे इस तरह की संस्थाएं बनाएं। मैं बाराबंकी उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं। वहां पर शादी कराने के लिए वकील ही मैरिज आफिसर्स होते हैं। वे लोग किस तरह से शादियां कराकर पैसा ऐठते हैं और आखिर में लड़कियों को मौत का ही शिकार होना पड़ता है। दो ढाई बरस पहले मैंने गृह मंत्री को एक पत्र लिखा था। मेरे क्षेत्र में एक शादी-शुदा लड़की की मौत हुई। लड़की के भाई ने एक एप्लीकेशन दी और गृह मंत्री को वह एप्लीकेशन पहुंचा दी गई। उन्होंने एकतालेज करके भेज दिया। लेकिन आज तक भी कार्यवाही नहीं हो पाई। जब कोई केस लिगर करता है तो बड़ा समय लग जाता है। एक नौजवान लड़का ईद के शुभअवसर पर दो-तीन दिन बाद मिलने गया। उस लड़के को छुरा भोंक दिया गया।

जिसने छुरा मारा उसके खिलाफ दफा-302 में कार्यवाही हुई। लोगों ने जब वह केस चला तो दबाव डालकर काम्प्रोमाइज करवा लिया और केस खत्म हो गया। ज्यादा समय लगने से भी लोग पैरवी नहीं करते। बचपन की शादी रोकने के लिए शारदा एक्ट बनाया है। जब तक समाज नहीं चाहेगा तब तक यह कामयाब नहीं होगा। आज भी बचपन में शादियां होती हैं और खासतौर से देहातों में ज्यादातर शादियां होती हैं उसके कुपरिणाम भी आपके सामने हैं। केवल कानून बना देने से ही उस पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसलिए, प्रभावशाली कानून बनाना चाहिए।

चौधरी, चरणसिंह ने प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरागांधी को एक पत्र बहुत पहले लिखा था जिसमें उन्होंने कहा था कि जो इस तरह की मौतें होती हैं उनमें पत्नी के भाई या मां/बाप या अन्य रिश्तेदारों को मुकदमों की पेरवी करने में बड़ी कठिनाई होती है, परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक तो उनकी लड़की मरी, अनैनचुरल डैथ हुई या उसने सुइसाइड किया दहेज के कारण हैरासमेंट से तंग आ कर, और फिर उसके मां बाप या अन्य रिश्तेदार मुकदमा दायर करें और पुलिस के पास जाएं और लड़की का मैका कहां और उसकी ससुराल कहां तो वे किस तरह से उस मुकदमे की पैरवी कर सकते हैं और इस कारण उन्होंने लिखा था कि ऐसे केसिस में जो लड़के वाले हैं उन पर यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वे साबित करें कि वे निर्दोष हैं। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस तरह का कानून बनाएं जिसमें बर्डन आफ प्रूफ यह साबित करने का कि लड़के वाले निर्दोष हैं, लड़के वालों पर डाला जाए। ऐसा कुछ किया जाए तब कुछ हो सकता है।

मैं यह भी चाहता हूं कि दहेज पर प्रतिबन्ध लगे। साथ ही नौजवान लड़कों को भी मैदान में आना चाहिये और कहना चाहिये कि डावरी प्रथा खराब है। हमारे सामाजिक और राजनीतिक दल भी अगर इस में हिस्सा लें तो बहुत मदद हो सकती है।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं और आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

**श्रीमती प्रमिला दंडवते** : (बम्बई उत्तर मध्य) : जैसा कि अन्य वक्ताओं ने कहा है मैं भी कहना चाहती हूं कि कम्प्रिहैंसिव बिल इस सम्बन्ध में आना चाहिये। दुख की बात है

कि ज्वायंट कमेटी भी मेरा प्राइवेट मैम्बर्ज बिल जो यहां इंट्रोड्यूस हुआ था उस पर चर्चा होने के बाद बनी थी। उसकी रिपोर्ट 11 अगस्त 1982 को लोक सभा में पेश हुई थी। विमेंज आर्गेनाइजेशज ने डिमांड की है कि जल्दी से जल्दी कानून बनाना चाहिये। दुख की बात है कि 26 जुलाई 1983 को दहेज विरोधी चेतना मंच की ओर से जो हमारा एक संगठन है वह प्रधान मंत्री जी से मिला था और प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि पिछला जो सेशन था उसमें यह बिल इंट्रोड्यूस हम करने वाले हैं लेकिन वैसा नहीं हुआ। इसलिए बहुत गुस्सा हो कर हम लोगों ने लोक सभा के दरवाजे के सामने बहुत बड़ा डैमंस्ट्रेशन किया था। हमें आशा थी कि कम से कम इस सत्र में वह कम्प्रिहैंसिव बिल आ जाएगा। लेकिन कल इस सत्र का आखिरी दिन है। लोक सभा में आज तक वह बिल नहीं आया है। कल को आजाए हमें पता नहीं है।

मैं एक सवाल पूछना चाहती हूं। मेरी जानकारी यह है और मैंने यह सुना है कि यह जो बिल हमारे सामने है इसको इस वास्ते पास कराया जा रहा है कि हमारी ज्वायंट कमेटी की जो रिकोमैंडेशंज थी वे प्रेक्टिकेबल नही थी, इसलिए इसको यहां लाया गया है। आपको जो प्रेक्टिकेबल लगता है उसके आधार पर आप बिल यहां पेश करें और उस पर बहस करवाएं। लेकिन पीसमील बिल लाने से कुछ लाभ नहीं।

मैं धन्यवाद भी देना चाहती हूं। मेरा बिल 183 आफ 1980 का था क्रिमिनल ला एमेंडमेंट बिल। वह इस सदन में इंट्रोड्यूस हुआ था। जिस दिन वह इंट्रोड्यूस हुआ था उसी दिन लंच के पहले उस समय के गृह मंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने ऐलान किया था कि हम ने सर्कुलर भेज दिया है तमाम राज्यों को कि किसी भी घर से शादी के सात साल पहले अगर किसी महिला की शंकास्पद परिस्थितियों में मृत्यु होती है जल कर या सुइसाइड करके तो उसकी लाश का पोस्ट-मार्टम किया जाए और उसकी लाश तब तक दफनाए जाने के लिए न दी जाए जब तक उस महिला के घर वाले आ नहीं जाते हैं। मैंने पांच साल अवधि कही थी और उन्होंने सात साल की। लेकिन आज के बिल में यह व्यवस्था भी नहीं है।

डावरी प्रोहिबिशन एक्ट 1961 में बना। 1975 तक एक ही केस केरल हाई कोर्ट में इस कानून के अन्तर्गत गया और उसम भी एक्विटल हो गया। पिछले कई सालों से महिलाएं आन्दोलन कर रही हैं और हमारे पास शिकायतें भी आ रहीं हैं।

यह बिल भी जो मैंने पेश किया था उसका भी कारण यह था कि पहले जो दिल्ली के लेफटीनेंट गवर्नर, श्री किशनचन्द थे उनका एक स्टेटमैंट था कि 1975 में दिल्ली में 350 बहनें जलकर मरीं और उन्होंने कहा था कि इन कैसेज की जांच मर्डर समझ कर होनी चाहिये। जब हम डावरी केसेज हाथ में लेने लगे तो आवश्यक समझा कि क्रिमिनल ला अमेंडमेंट बिल लोकसभा में पेश करें। डावरी की डफीनीशन ऐसी है कि वह कामयाब नहीं बन सकती :

> 'Gifts which are given before the marriage, at the time of marriage or after the marriage, whether in the form of money, ornaments or anything, would amount to dowry, but only if they are given in consideration of marriage.'

इसी वजह से एक केस भी आज तक कामयाब नहीं बना। अनुभव यह है कि कानून बनने के बाद जो विचार ऊपर से चलता था लड़की के लोग आपस में बैठ कर बात करते थे वह तो बन्द हो गया और सारा काम अन्डर ग्राउन्ड हो गया और कभी स्कूटर, कभी

टी०वी० और कभी विडियो की मांग होने लगी। लेकिन एक केस जिसके बारे में कोर्ट में गये थे कोर्ट का कहना यही है कि :

> How can the things demanded after the marriage be coesidered to have been given in consideration of marriage ?

तो यह डेफीनीशन की वजह से इनकंसीडरेशन आफ मैरिज कभी प्रूव नहीं हो सकता। और अनुभव यह है कि शादी के समय कहीं न मांगते हों, शादी के बाद मांगते हैं। आज स्कूटर लाओ, पैसा लाओ, टी० वी० लाओ। और न देने की वजह से इस प्रकार की हत्यायें की जाती हैं। मंत्री जी ने राज्य सभा में जो जवाब दिया उसमें खुद कहा है :

> 420 cases of death by murder in Delhi in 1980-81, 568 cases in 1981-82, 619 cases in 1982-83 and in 1983 (from 1.4.83 to 30.11.83) there are 371 cases.

और 1983 में नवम्बर तक आपने कहा है 371 केसेज हो गये। मैं मानती हूं कि सारे केसेज डावरी डैथ्स नहीं हैं। कुछ ऐक्सीडेंट्स भी हो सकते हैं। लेकिन अगर आप देखें तो आप पायेंगे कि majority of the cases of causing death by burning.

20 साल से लेकर 35 साल उम्र की महिलाओं के साथ ही यह होता है आम सर्वे कर लीजिये, अस्पताल में आकर देखिए। और हमारा यह अनुभव है कि सास न जले, ननद न पिटे, बहुओं का क्यों स्टोव फटे। इसलिए जांच होनी चाहिए कि किस उम्र की महिलाओं के साथ ऐसा हो रहा है। जो आंकड़े आपने दिए उनमें बहुएं ही हैं।

यह ठीक है कि हमारे मूवमेंट के बाद पुलिस के पास केसेज जाते हैं और चालान हुए हैं। लेकिन बहुत से केसेज में घपला होता है, चालान करने में देरी होती है, केसेज भी दर्ज नहीं करते हैं। हम कोशिश करते हैं लड़कियों को मरने से पहले बचायें। दिल्ली का एक केस बताती हूं सुनीता नाम की एक महिला जिसके एक छोटा बच्चा था वह महिला दक्षता समिति के पास गयी हमने उसको कहा कि तुम चिन्ता मत करो, अगर तुम्हें जरा भी डर हो तो हमें बता देना। एक दिन साढ़े 8 बजे उसका फोन आ गया। हमारी सेक्रेटरी ने कहा डरो नहीं। सुनीता ने कहा कि मेरे ऊपर मिट्टी का तेल डाला, मेरी साड़ी फाड़ी और मुझे जला देंगे। तुरन्त ही हमारी सेक्रेटरी सुमन कृष्णकान्त ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस वहां गई, वहां बताया ऐसे नाम की कोई है ही नहीं महिला। पुलिस वापस आ गई। वापस आने के बाद सुमन कृष्णकांत पुलिस को ले कर वहां गई और पाया कि वह महिला एक कमरे में दरवाजा बन्द करके बैठी थी।

पुलिस के आने के बाद दरवाजा खोला गया। उसकी साड़ी फाड़ी गई थी, पूरे शरीर पर मिट्टी का तेल डाला गया था, उसकी बदबू आ रही थी। उसके बाद उसको लेकर पुलिस थाने पर चली गई। आगे की कहानी यह है कि वह लड़की और उसका बच्चा बच गये, लेकिन पुलिस ने उस महिला को कहा कि तुम अपने को इस संगठन से हटाओ।

Do not allow this organisation to be a party to the whole case.

जब फोन किया गया तो हमने सोचा कि महिला बचाने वाले हैं,

Why should we insist ?

जब एफ०आई०आर० दर्ज की गई तो उसमें लिखा गया—

It was an attempt to commit mirder.

वह मर्डर का ही केस था, लेकिन उन्होंने उसको बदलकर आत्महत्या का केस बनाया। यह दूसरे-तीसरे दिन पता चला।

मैं बताना चाहती हूं कि पुलिस का जो रवैय्या है, सोचने का ढंग है, वह यही है कि इस समाज में स्त्री की जिन्दगी का कुछ मोल नहीं है। स्त्री मरे, उस पर रेप हो, खत्म हो, बर्बाद हो, इसका कुछ नहीं है। एक स्त्री ही तो मर जाती है।

मेरी मध्य प्रदेश के एक पुलिस आफिसर के साथ बात हुई थी, उसने रेप के बारे में क्या कहा –कि यह तो पुरुष की मजबूरी है, आप क्यों रेप का सवाल उठाना चाहते हैं ? पुरुष की मजबूरी है तो चोर की भी मजबूरी है चोरी करना। महिलाओं को जलाना उनकी मजबूरी है।

This is a very shameful argument that was put forth by one of the police officers.

यह बड़ी शर्मनाक बात है। लेकिन आज यह पुलिस का एटीट्यूड है। समाज का जो एटीट्यूड है, जैसे श्रीमती विद्या चेन्नुपति ने कहा है बिल्कुल सही है।

मनू ने कहा है :—

शैशवे रक्षेत पिता, यौवने च पति।
वृद्धत्वे रक्षेत पुत्रः न स्त्री स्वातंत्र्यं
आर्हति ।।

तुलसी रामायण ने लिखा है :—

ढोल, गंवार, शूद्र, पशु नारी।
सब हैं ताड़न के अधिकारी ।।

हमारे मराठी में एक कहावत है—

पायातली वहाण पायातल टेवावी।

पैर की चप्पल है, पैरों में ही रखें, सिर पर मत बिठाइये। हम बहिनें पैर की चप्पल हैं।

जब तक हम स्त्री-पुरुष में समानता नहीं लाते, कानूनी और सामाजिक व्यवस्था नहीं करते तब तक यह अन्याय कभी दूर नहीं होगा।

मंत्री महोदय एक कम्प्रीहैंसिव बिल डाउरी पर नहीं लाये हैं। लेकिन compulsory registeration of all the marriages along with compulsory registration of all the things that are given at the time of marriage.

अगर वह लाते हैं तो यह कानून पीसमील भी क्यों न हो, शायद कामयाब बनता। उस पर मेरा बिल है। मैंने उसमें यह सुझाव रखा है कि अगर किसी स्त्री को डाउरी कम लाने से घर से निकाला जाता है तो उसका अधिकार होना चाहिये कि जो चीजें वह अपने साथ शादी के समय लेकर आती है, वह सारी चीजें साथ लेकर अपने माय के चली जायेगी या जहां जाना है जायेगी। अगर वह मर जाती है, उसके बच्चा नहीं है तो उसकी सारी चीजें मायके घर वापस जानी चाहिये। अगर उसके बच्चे हैं तो उनके नाम पर वह गार्जियन के पास रखी जायें। यह मेरा बिल ही नहीं है, मोर्तगीज सिविल प्रोसीजर कोड में यह प्रावधान है, यह व्यवस्था है। लेकिन आपने आधा कानून बनाया है, मैं पुलिस का एटीट्यूड आपके सामने रखना चाहती हूं।

उनकी रिपोर्ट आई है, उन्होंने सर्वे में कहा है—

क्राइम अगेन्स्ट 38 परसेंट राइज है, 63 परसेंट रेप्स में है और प्रास्टीट्यूशन में 71 परसेंट है, लेकिन उन्होंने कहा है— The Bureau of Research and Development of Police had a survey. The survey report is :

> "that barring the exceptions, the general attitude in the lower echelons of the police towards women on atrocities was not different from general masses."

मैं आपको इसीलिये कहती हूं कि पुलिस सदियों से चलती हुई एक कल्पना की शिकार है। इसलिये जब उसके पास महिलाओं के एट्रोसिटीज, उन पर अत्याचारों के केसेज जाते

पर लिखा जाता है।

हैं तो वह इस प्रकार से लिख लेते हैं जिससे केसेज फेल हो जाते हैं। आज मुझे दुःख है, मैं सुधा गोयल के केस के बारे में कहने नहीं जा रही हूं, क्योंकि उस पर कंटम्प्ट का केस चल रहा है, लेकिन दूसरा एक केस है जो मेरे पास आया है, जिसके चित्र, फोटो मेरे पास हैं।

उस लड़की को शादी के बाद एक महीने के अन्दर टांग तोड़कर जलाया गया है। मेरे पास रिकार्ड है। लोअर कोर्ट ने कहा कि उसकी बेल नहीं होनी चाहिये पुलिस कस्टडी में रखा जाये, लेकिन हाई कोर्ट ने संबंधित लोगों को बेल पर रिलीज कर दिया। उसकी बेल नहीं लेनी चाहिये, लेकिन हाई-कोर्ट ने बेल ले ली, मुझे पता नहीं किस प्रकार यह हो सकता है ?

**All those who are in this society, who are the custodians of law and who are interpretors of law are victims of our traditional ideas about women, they can never give justice to women.**

हमारी मांग है कि दृष्टिकोण बदलना चाहिए। ऐसे कानून की व्यवस्था करनी चाहिए, जिसमें महिलाओं को पूरा अधिकार दिया जा सके। दिल्ली जैसे शहर में आज तक कोरोनर कोर्ट की व्यवस्था नहीं है। पिछले दस दिन में 16 महिलायें यहां डाउरी की वजह से मर गई हैं। इसके संबंध में मैं श्री पी०सी०सेठी जी से मिली थी और उनको मैंने कहा था कि कम से कम दिल्ली में तो कोरोनर कोर्ट की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि तुरन्त ही आसपास के लोगों से उनके बारे में शिकायत ली जा सके। लेकिन अभी तक इस बारे में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। यदि आपने इस बारे में अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया है, तो जल्दी लीजिए।

हर चीज के बारे में पुलिस पर सब कुछ नहीं छोड़ देना चाहिए। मैजिस्ट्रेट को भी कुछ अधिकार देना चाहिए। मैजिस्ट्रेट भी इंडिपेंडेंटली एन्क्वायरी कराए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सोशियल आर्गेनिजेशन को भी कुछ अधिकार देना चाहिए। कई बार ऐसा होता है कि दूर गांवों में यदि किसी के साथ कोई दुर्घटना होती है और उसका वहां कोई सगा नहीं होता है तो ये सोशियल आर्गेनिजेशन ही मदद कर सकते हैं। इसके बारे में हम सब लोगों ने अमेंडमेंट दिया हुआ है। **Recognised social organisation registered under the Registration of Societies Act, 1860 should be associated wtth this kind of work.**

मैं यह कहना चाहता हूं कि हम यहां पर शादी के परिवार को तोड़ने के लिए नहीं हैं। हम यहां पर रिकंसिलिएशन करने के लिए हैं। लकड़ियों को मरने से बचाने के लिए हैं। इसलिए मेरी आप से प्रार्थना है कि आपको कानून ऐसे बनाने चाहिए ताकि कानून से इन बहनों को बचाया जा सके। शादी के बाद पैसे में दोनों का बराबर हिस्सा होना चाहिए। स्त्री यदि नौकरी करने न जाए तो पति की सम्पत्ति में उसका पूरा अधिकार होना चाहिए।

**The community of property right has been given to women in England.**

पचीस साल शादी को हो जायें और फिर कहा जाता है—तुम घर से निकल जाओ। घर जो बना है, वह दोनों का घर है। फैमिली कोर्ट्स के बारे में बार-बार यहां से प्रार्थना की जाती है, लेकिन इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि फैमिली कोर्ट्स बनाने में आपको क्या परेशानी है। मैं आपको बताना चाहती हूं कि जिनके पास काला पैसा है, वे लोग शादी बड़ी धूमधाम से मानते हैं या मनाना चाहते हैं। उनके पास पैसा है, इसलिए वे खर्च करना चाहते हैं।

**We are not here to protect the black-marketeers and the people who are connected**

with the black money. We are here for the people who have got honest income.

हम यहां पर ईमानदार लोगों के लिए हैं। जिनके पास काला पैसा है, उनके लिए नहीं हैं। यह कानून ऐसे लोगों के लिए हैं, जिन्होंने ईमानदारी से पैसा कमाया हुआ है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप तुरन्त हीं एक प्रोहिबिशन बिल लाईए। यदि नहीं ला रहे हैं, तो इसके बारे में आपको जवाब देना चाहिए।

यहां पर संजीवीराव जी बैठे हैं। मैं उनको धन्यवाद देती हूं। मेरी आप से यह प्रार्थना है कि जब कभी स्त्री को डावरी की वजह से किसी प्रकार घर से निकाला जाता है और वह कहीं नहीं जा सकती है, उस समय उस के लिए रिजर्वेशन आफ जाब्स होना चाहिये, बल्कि प्रायोरिटी के आधार पर, आउट आफ टर्न नौकरी देनी चाहिये। मैं सदन को बतलाना चाहती हूं मैं एक ऐसा केस लेकर श्री संजीवीराव जी के पास गई थी, उस लड़की ने उन के यहां इम्तिहान पास किया था, डावरी की वजह से उसको घर से निकाल दिया गया था, मां-बाप गरीब थे, वह उनके पास जाना नहीं चाहती थी। मैं इस सदन में फिर से उनको धन्यवाद देती हूं, उन्होंने उस लड़की को काम पर ले लिया और आज वह अभिमान से रह सकती है। Economic independence is the most important factor for a woman to survive in this society.

इसलिए मेरी प्रार्थना है कि जब आप सर्कुलर निकालते हैं तो एक सरकारी पालिसी बना दीजिये कि जहां पर बहनों को घर से निकाला गया है, डावरी का केस है या कोई दूसरा केस है, वहां उनको काम देने की व्यवस्था की जानी चाहिये, उनको नौकरी में लिया जाना चाहिये और प्रायोरिटी के आधार पर लिया जाना चाहिये।

दूसरी बात—अगर किसी औरत को घर से निकला जाता है और वह कोर्ट में जाकर एफिडेविट दे कि उसको मैन्टेनेन्स मिलना चाहिये तो कोर्ट की तरफ से तुरन्त मेन्टेनेन्स दिये जाने की आज्ञा होनी चाहिए, उसको तुरन्त मेन्टेनेन्स मिल सके ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये।

तीसरी बात—देश में "टेम्परेरी शेल्टर होम्ज" की आवश्यकता है। जब किसी महिला को घर से निकाला जाता है और वह अपने मां बाप के यहां नहीं जाना चाहती है तो वह महिला टेम्परेरी शेल्टर होम में जाकर ठहर सके और आगे चल कर जो रीकन्सीलिएशन की कार्यवाही या दूसरी कार्यवाही हों, तो उस को ठहरने के बारे में परेशानी न हो।

चौथी बात—फैमिली काउन्सिलिंग करने वाली जो आर्गेनिजेशन्ज हैं उनको सरकार की तरफ से कुछ फाइनेन्शियल ग्रान्ट्स दी जानी चाहिये, क्योंकि उनको काफी काम करना पड़ता है, इन्वेस्टीगेशन करनी पड़ती है, जगह-जगह जाकर सब फैक्ट्स इकट्ठे करने पड़ते हैं, कागज बनाने पड़ते हैं। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि उनको फाइनेन्शियल ग्रान्ट्स दी जानी चाहिये, चाहे वह होम मिनिस्ट्री की तरफ से दी जाय या सोशल वेलफेअर डिपार्टमेन्ट की तरफ से दी जाय।

इस रिपोर्ट में कहा गया है The police should also be given training in laws, even to change their attitude.

मैं यह बतलाना चाहती हूं कि हमारे फ्री-लीगल-डिपार्टमैंट की तरफ से इस प्रकार के ट्रेनिंग कालेज चल रहे हैं। दिल्ली शहर में महिला दक्षता समिति इस काम को कर रही है। आप भी ऐसे लोगों को जैसे पुलिस है, इस प्रकार के कार्यक्रम का लाभ दिलवायें।

इतना कह कर मैं फिर से आप को धन्यवाद देती हूं—चाहे पीस-मील लेजिस्लेशन

ही सही, लेकिन आप ने उस दिशा में एक कदम उठाया है—महिलाओं को बचाने के लिये। इस सम्बन्ध में आप का जो उद्देश्य है, हम उस पर पूरा विश्वास करते हैं, फिर भी आप को कम्प्रीहैन्सिव बिल जल्दी से जल्दी लाना चाहिये।

**श्री सुन्दरसिंह** (फिल्लौर): चेयरमैन साहब,

भला क्या कर सकते हैं इलाजे —
नातवानी का
पकड़ते हैं अगर बाजू तो यहां
शाने उतरते हैं।

यह बीमारी ऐसी हैं जिसका कोई इलाज नहीं हो सकता है। यह बीमारी किस में है - जो बहुत ज्यादा लालची हैं और सब से ज्यादा लालची हिन्दू हैं। मुसलमानों के यहां ऐसे केसेज नहीं होते हैं, क्योंकि उनके यहां मेहर तय होती है। यह बीमारी बनियों में ज्यादा है जो बहुत ज्यादा लालची होते हैं—इसमें बुरा नहीं मानना चाहिये···।

**श्री मूलचन्द डागा** (पाली): बुरा क्यों मानेंगे।

**श्री सुन्दरसिंह**: जो हिन्दू धर्म है वह पैसे से है और पैसा ही उसका धर्म है चूंकि इन में बहुत ज्यादा लालची हैं इसलिए इनकी लड़कियां ज्यादा मारी जाती हैं। मैं हैरान हूं— कैसा जमाना आ गया है जहां दहेज के लिये बहू को मार दिया जाता है। वह आदमी इन्सान नहीं है, उसका बायकाट होना चाहिये। आप कहते हैं कम्प्रीहैन्सिव बिल लाना चाहिये, आप चाहे जितना कम्प्रीहैन्सिव बिल ले आइये, पुलिस इसमें क्या करेगी? उसके तो मजे आ जायेंगे, वह तो अपना काम करेगी, लेकिन वह बीमारी को कम नहीं कर सकती है। उसने क्या काम किया है। जो कानून बनता है, उसका इम्पलीमेन्टेशन नहीं होता है। किसी एक्ट का इम्पलीमेंटेशन पूरी तरह से नहीं हुआ क्योंकि यह सोसायटी ऐसी है। आप चाहे जितनी मर्जी हो, कानून बना लो, लेकिन लोग उसे चलने नहीं देंगे। आप ने जमींदारी एबोलीशन कानून बनाया और सोचा यह गया था कि सबको जमीन देंगे लेकिन हुआ क्या। जिनके पास जमीन थी, उन्होंने बटाई पर जमीन देना बन्द कर दिया। इस तरह से कोई आप का कानून चला नहीं है।

इसी तरह से आप देखेंगे कि हमारी जो सोसायटी है, उसमें हरिजनों पर बहुत जुल्म होता है और लड़कियों और औरतों पर भी जुल्म होता है। इनकी तादाद काफी है और हरिजनों की तादात भी काफी है। इसलिए ये दोनों मिल जाएं, तो सारी चीजें ठीक हो हो जाएगीं। इनकी समस्या भी हल हो जाएगी और हरिजनों की भी हल हो जाएगी और सब ठीक हो जाएगा। आज जो संख्या में ज्यादा हैं, वे एक्सप्लायटर्स हैं और दूसरी बात यह है कि हरिजन होशियार भी नहीं हैं और हमारी बहनें भी होशियार नहीं हैं। इसलिए सारी चीज खराब कर रखी है।

मैं अपनी बहनों से अपील करूंगा कि आप सारे मिल कर, हरिजन मिल कर जोर लगाएं और जोर लगा कर सारी गवर्नमेंट बदल दें और अपनी गवर्नमेंट बनाएं। तब सारी चीजें ठीक हो जाएंगीं। फिर आप कानून बनाएं और औरतों के हक में कानून बनाएं। आप ऐसा करती क्यों नही हैं। यह जो बुरी हालत है, इनको आप अच्छा क्यों नहीं करती हैं।

आज दहेज के कारण बहनों को मार दिया जाता है, लड़कियों को मार दिया जाता है। जो लोग ऐसा करते हैं क्या वे आदमी है। ऐसे आदमियों का बायकाट करना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं करेंगे, तब तक कुछ नहीं होगा और ये जो आप कानून बनाते हैं, इनसे

कुछ नहीं होने वाला है। आज जो ह्यूमेनिटी है, वह सैलफिश हो गई है। जो पैसे का लालची है, वह कभी नहीं मानेगा, चाहे आप जितने कानून बना दें।

मैं आप को बताऊँ कि मैंने अपने लड़कों की शादियां की लेकिन एक भी पैसा नहीं लिया। मुझे एक पैसा भी नहीं मिला और बड़ी शानदार शादी हमने की। जो पैसा मांगते हैं, वे बड़े खराब आदमी हैं और ऐसा जो भी आदमी हो, उसका बायकाट करना चाहिए और उस को सोसाइटी से बाहर फेंक देना चाहिए।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हमारी जो वेलफेयर आर्गेनाइजेशन्स हैं। उनको आप फील्ड में लाखों औरतें इस बारे में प्रचार करें। जो लोग ऐसा करते हैं। उनका बायकाट करना चाहिए और जब आप एक काम्प्रीहैंसिव बिल लाएं, तो उस में ऐसी व्यवस्था हो। कानून आप चाहे जितना बना लें, उससे कुछ ज्यादा होने वाला नहीं है। कुछ लोगों ने कहा कि गवर्नमेंट को इसको करना चाहिए। इसमें गवर्नमेंट क्या करेगी ?

एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जैसे हरिजनों के लिए लीगल एसिसटेंस की बात है, इनके लिए भी होनी चाहिए। इनको आप को लीगल एसिसटेंस देनी चाहिए और इनके लिए वकील मुफ्त का होना चाहिए। मैं यह समझता हूं कि यह चीज तो इनके लिए हो ही जानी चाहिए।

कुछ लोग कहते हैं कि सोसाइटी को बदल देना चाहिए। वह कहते हैं कि हम सोसाइटी को बदल देगें लेकिन पहले वे खुद तो बदलें, तभी सोसाइटी बदली जाएगी। पहले आदमी खुद बदलता है, तब सोसाइटी बदलती है और दुनिया को जिन्होंने बदला है, वे पहले खुद बदले हैं।

Be of Good Cheer

Believe that we are Selected by the Lord

To do great things and that we will do them

Hold yourselves in readiness. That is, Be Pure and Holy.

Love for love's sake

Love the poor, the miserable and the downtrodden

God will bless you.

इसलिए पहले आदमी अपने आप को ठीक करता है। जब हम यह पढ़ते हैं कि लड़की को मार दिया, तो बहुत दुख: होता है। क्या ऐसा आदमी इन्सान है जब हम दूसरे देशों में जाते हैं, तो लोग पूछते हैं कि हिन्दुस्तान में क्यों ऐसा हो रहा है कि दहेज के कारण लड़कियों को मार दिया जाता है। किसी दूसरे मुल्क में क्या ऐसा है ? कहीं भी ऐसी बात नहीं है। चाहे आप यू०के० में देख लीजिए या यू०एस० में देख लीजिए, कहीं ऐसा नहीं है। यह कितनी बुरी बात है और इसको आप ठीक नहीं करते। इतनी बड़ी पार्लियामेंट बना रखी है लेकिन कुछ बात नहीं बनती है। यहां पर बड़े-बड़े लेक्चर हो जाते हैं लेकिन कुछ होता नहीं है।

बात बहुत बड़ी-बड़ी हैं लेकिन प्रेक्टिकल कुछ भी नहीं है। जब बातें प्रेक्टिकल होती हैं तो काम आपसे आप आगे बढ़ता है। आपको यह देखना चाहिए और कुछ करना चाहिए।

महात्मा गांधी जहां जाते थे वहां वह यह देखते थे कि वहां आदमी को कितना खाने को मिलता है। जितना वहां आदमी को खाने को मिलता था, उतना वे खाते थे। इसीलिए सारे लोग उनके पीछे लग गये। महात्मागांधी ने प्रेक्टिकल चीजें कीं, इसीलिए लोग उनके पीछे

हो गये । हम लोग और किसी के पीछे नहीं लगे, हम महात्मा गांधी के पीछे लगे । हमको डाक्टर अम्बेदकर ने कहा कि तुम हिंदुस्तान से अलग हो जाओ, तुमको सारे हकूक मिलेंगे । लेकिन हम उनके पीछे नहीं लगे, हम महात्मा गांधी के पीछे लगे । महात्मा गांधी ने, चाहे औरतें हों, चाहे मर्द हों, सबके लिए प्रेक्टिकल काम किए और उसका दिन-ब-दिन लोगों को फायदा होता गया ।

इसलिए मैं आप से कहता हूं कि इसका हल प्रेक्टिकल हल है । आपको खुद इसके लिए लड़ना है । आपके लिए किसी और ने लड़ाई नहीं लड़नी है । आपको चाहिए कि सारी बहिनें मिलें और जिस बहिन के खिलाफ वेइन्साफी हुई है, उसके लिए वेइन्साफी करने वाले के खिलाफ लड़ें । जो समाज में पैसे मांगने वाले हैं, उनका आप बायकाट करें । उनके सामने मुजाहरा करें ताकि वह आगे से पैसा मांगने की हिम्मत न करे । आप ऐसे लोगों के खिलाफ मुजाहिरा करो और उनका सोसायटी से बायकाट करो । बजाए इसके कि आप यह कहें बिल लाइये, आप प्रेक्टिकल काम कीजिए । किसी की भी लड़की मर जाती है तो यह अच्छी बात नहीं है । कोई भी मां-बाप इसको बर्दाश्त नहीं कर सकता है । जहां भी किसी की लड़की ऐसे मरे वहां औरतों की आरगेनाइजेशंस को आगे आकर काम करना चाहिए । आप अगर इसे गवर्नमेंट पर छोड़ दें, तो यह गवर्नमेंट का काम नहीं है ।

हमें सोसायटी में ऐसा करेक्टर बनाना चाहिए कि यह चीज लोगों में आये ही नहीं । जो सोसायटी में अच्छे लोग होते हैं वे सब को दिखाई देते हैं । मुझसे किसी ने आकर कहा कि फलां आदमी ने आपको वोट नहीं दिया था, आप उसकी ठीक करो । मैंने उससे कहा कि नहीं, वह तो एक नेक आदमी है, मैं उसके बारे में ऐसा नहीं कर सकता । बेशक तुम मुझको वोट मत डालना । मैं आपको बताता हूं कि उस नेक आदमी ने अगले इलेक्शन में मुझको बहुत सारे वोट दिलवाये । इसलिए जो अच्छे आदमी होते हैं, वे सबको नजर आते हैं ।

इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि पहले हम करेक्टर को ठीक करें । जहां भी कोई गलती करता है उसके खिलाफ आप मुजाहिरा करो, उसके गले में जूते का हार डालो । ऐसा अगर आप करेंगी तो बहुत काम होगा । आप यह कहते हैं कि गवर्नमेंट सख्त कानून बनायें, इससे यह काम होने वाला नहीं है । जब हम सब लोगों का करेक्टर ऊंचा होगा तभी यह सब चीजें भी होंगी और डावरी भी खत्म होगी । इसलिए इसके लिए हम सब बहिनों को कोशिश करनी चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (Panskura) : With a heavy heart I rise to speak on this Bill. Before going into the substantive past of it, I will have to explain why I say a heavy heart. Because as you would agree we are discussing now one of the worst social tragedies that are occurring in our society. We are all agreed that on these questions, the most important thing is the social movement to back up whatever laws we may make.

I am sorry to say that the atmosphere in which we are discussing this Bill, I do not think, creates a serious impact on the society and I expected the Leader of the House herself will be present when the discussion on this Bill is there. I also expected that there would be a meeting of all the Opposition Leaders also and Parliament will be full and all together we shall try to impress upon the society that we take these things very seriously I am sorry that position is not there in the House to-day and I feel genuinely sorry. I am saying this thing so that in future when such Bills are taken up, which really have a bearing on the society, then a competely different atmosphere must prevail inside the Parliament. I am sure in that the ruling Party's responsibility will be the most and we will also bear our own responsibility.

AROF. N.G. RANGA (Guntur) : On our behalf I am here.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : I am thankful to Rangaji that on everybody's behalf there he is present. If that would have solved the problem, I would not have said this.

Now about the substantive part of the Bill everybody has commented and I do not want to repeat their arguments about the necessity of a comprehensive legislation. Now I know fully that this legislation is not comprehensive. I am not convinced about the arguments which are often put forward about the difficulties of bringing a comprehensive legislation for I am one of those who are very clear that on this dowry question, legislation alone will be nothing. I know from my own experience. In West Bengal Assembly in 1974 I brought a non-official Bill which was almost letter to letter adopted by the Government. That is one of the very good laws uptill now on the dowry prohibition question. But I may tell you till now there is not a single case booked under this law. This is the situation Even the best of the laws will not help. But even then it is necessary, as I said, as a mark of social protest and as a mark of social decision that we want to tackle this problem seriously, we should have the law. But that is what is lacking in the fact that this comprehensive Bill is being delayed.

Now about the Bill that has been brought, firstly I am quite at a loss to understand really why this 7 years provision is there. I have given amendments to every clause wherever it occurs that this 7 year business should be taken out.....

SHRI P. VENKATASUBBAIAH : It is there in the post-mortem cases. For cruelty, 498A is there. It does not debar. There is no time limit.

